बिक्रम घोष

अकादेमी पुरस्कारः समसामयिक संगीत

BICKRAM GHOSH

Akademi Award: Contemporary Music

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में, संगीतकारों के एक परिवार में 20 अक्टूबर 1966 को जन्मे, श्री बिक्रम घोष ने अपने पिता और गुरु शंकर घोष से तबला वादन का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपको पंडित रविशंकर से तबला वादन और एस. शेखर से मृदंगम वादन सीखने का सौभाग्य भी मिला है। आप फर्रुखाबाद घराने से ताल्लुक रखते हैं। वैसे आपने मैहर घराने के श्री ध्यानेश खान से सरोद वादन भी सीखा है।

श्री बिक्रम घोष ने भारतीय संगीत पर बहुत सी संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन किया है। आपने देश–दुनिया के बहुत से छात्रों को प्रशिक्षण भी दिया है। आप एक सफल फिल्म संगीत निर्देशक हैं और आपने कई फिल्मों के लिए संगीत तैयार किया है। आपने वर्ष 2016 में 120 कलाकारों के साथ मिलकर टी20 विश्व कप फाइनल के लिए भी संगीत तैयार किया था। आपके संगीत की कई रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं। आप प्रसिद्ध फ्यूजन बैंड–रिद्मस्केप के संस्थापक हैं और देश–विदेश के कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में बैंड ने प्रस्तुतियाँ भी की है। वर्ष 2021 में पेरिस में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के 150 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह में आपने भारत का प्रतिनिधित्व किया है। आपने ग्रैमी अवॉर्ड से सम्मानित श्री रिकी केज के साथ मिलकर, वर्ष 2022 के गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर गाए गए राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के लिए संगीत की रचना भी की थी।

कर्नाटक वाद्य संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए, आपको पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा ग्रैमी बंग भूषण (2012); महाराष्ट्र सरकार द्वारा संगीत महासम्मान (2014); और चार बार GIMA पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

श्री बिक्रम घोष को समसामयिक संगीत में योगदान के लिए वर्ष 2020 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 20 October 1966 at Kolkata in West Bengal in a family of musicians, Shri Bickram Ghosh received his training in tabla from his father and guru Shankar Ghosh. He was also fortunate to receive training in Mridangam from S. Sekhar. He belongs to the Farukhabad gharana. Shri Bickram Ghosh also learnt the Sarod from Shri Dhyanesh Khan of the Maihar gharana.

Shri Bickram Ghosh has conducted seminars and workshops on Indian music and has trained many students around the world. Being an extremely successful film music director, he has composed music for films and also for the T20 World Cup final in 2016 with 120 artists. He has a number of recordings to his credit. The founder of the famous fusion band – *Rhythmscape*, Shri Bickram Ghosh has performed in many prestigious music festivals in India and abroad and represented the country on the occasion of the 150 year celebration of Gurudev Rabindranath Tagore held at Paris in 2021. He also composed music for the national song *Vande Mataram* sung on the occasion of the Republic Day Parade 2022 with Ricky Kej, Grammy awardee.

For his contribution in the field of instrumental music, he has been honoured with the Grammy Banga Bhushan conferred by the Government of West Bengal (2012); the Sangeet Mahasamman bestowed by the Government of Maharashtra (2014); and the GIMA Awards (four times).

Shri Bickram Ghosh receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2020 for his contribution to contemporary music.